# अपने परीक्षण करवाएं !

सिफारिश किए गए कैंसर परीक्षण आपकी जिंदगी बचाने में मदद कर सकते हैं।

अपने डॉक्टर या नर्स से इन परीक्षनों के बारे में पूछें।

*Get your tests! – Hindi*

## सिफारिश किए गए कैंसर जांच परीक्षण

| 25 से 39 वर्ष | 40 से 49 वर्ष | 50+ वर्ष | शब्दावली |
|---|---|---|---|
| **कोलोरेक्टल कैंसर की जाँच***<br>पता करें कि क्या आपको आँत या गुदा का कैंसर होने का ज्यादा खतरा है। यदि नहीं, तो इस समय किसी परीक्षण की आवश्यकता नहीं है। | **कोलोरेक्टल कैंसर की जाँच***<br>45 की उम्र पर परीक्षण करवाना शुरू करें। कई प्रकार के परीक्षण किए जा सकते हैं। स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता के साथ बात करें कि कौन से परीक्षण आपके लिए सबसे अच्छे हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कौन सा परीक्षण चुनते हैं, सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि परीक्षण किया जाए। | | **कोलोरेक्टल कैंसर की जाँच**<br>ये परीक्षण कोलोरेक्टल कैंसर को रोकने में मदद कर सकते हैं या इसे जल्दी खोज सकते हैं जब इलाज करना आसान हो सकता है। |
| **प्रोस्टेट कैंसर के लिए परीक्षण**<br>इस समय किसी परीक्षण की ज़रूरत नहीं है। | **प्रोस्टेट कैंसर के लिए परीक्षण**<br>45 साल की उम्र में शुरू करते हुए, उच्च जोखिम वाले पुरुषों (अफ्रीकी अमेरिकी पुरुषों, अफ्रीकी वंश के कैरेबियन पुरुषों, और उन पुरुषों जिनके करीबी परिवार के सदस्यों को 65 साल की उम्र से पहले प्रोस्टेट कैंसर था) को स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता के साथ परीक्षण के संभावित जोखिमों और लाभों पर चर्चा करनी चाहिए। | **प्रोस्टेट कैंसर के लिए परीक्षण**<br>यह निर्णय लेने के लिए कि क्या परीक्षण आपके लिए सही है, तो परीक्षण के संभावित जोखिमों और लाभों के बारे में स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता के साथ बात करें। यदि आप परीक्षण कराने का निर्णय लेते हैं, तो आपको डिजिटल रेक्टल परीक्षण के साथ या उसके बिना PSA रक्त परीक्षण कराना चाहिए। अपने डॉक्टर से इस बारे में बात करें कि आप कितनी देर बार जांच करवाएंगे। | **प्रोस्टेट कैंसर के लिए परीक्षण**<br>रक्त में प्रोस्टेट-विशिष्ट एंटीजन (PSA) का स्तर प्रोस्टेट कैंसर, और साथ ही अन्य स्थितियों वाले पुरुषों में अधिक हो सकता है। |
| **स्तन कैंसर की जाँच***<br>पता करें कि क्या आपको स्तन कैंसर होने का ज्यादा खतरा है। यदि नहीं, इस समय किसी परीक्षण की ज़रूरत नहीं है।<br>यदि आपके स्तनों को देखने या महसूस करने के तरीके में कोई बदलाव आता तो तुरंत अपने डॉक्टर या नर्स को बताएं। | **स्तन कैंसर की जाँच***<br>40-44 वर्ष की आयु की महिलाओं के पास वार्षिक मैमोग्रामों के साथ स्तन कैंसर की जांच शुरू करने का विकल्प होना चाहिए।<br>45 साल की उम्र में शुरू करते हुए, हर साल एक मैम्मोग्राम करवाएं। | **स्तन कैंसर की जाँच***<br>45 और 54 की उम्र के बीच हर साल एक मैम्मोग्राम करवाएं, फिर 55 साल की उम्र पर आप हर 2 साल में मेमोग्राम करवा सकती हैं, या जब तक आपका स्वास्थ्य अच्छा हैं तब तक वार्षिक जांच जारी रखें। | **मैम्मोग्राम**<br>स्क्रीनिंग मैमोग्राम छाती का एक्स-रे होता है जिसका उपयोग उन महिलाओं में स्तन कैंसर के लक्षण देखने में मदद करने के लिए किया जाता है जिन्हें स्तन के कोई लक्षण या समस्याएं नहीं हैं। |
| **गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के लिए परीक्षण**<br>25 से 65 साल की महिलाएं जिनकी गर्भाशय ग्रीवा है, उन्हें हर 5 साल में प्राथमिक HPV टेस्ट करवाना चाहिए। यदि आप एक प्राथमिक HPV परीक्षण नहीं करवा सकती हैं, तो हर 5 साल में सह-परीक्षण (एक पैप परीक्षण के साथ एक HPV परीक्षण) या हर 3 साल में एक पैप परीक्षण करवाएं। जो महिलाएं एचपीवी वैक्सीन प्राप्त कर चुकी हैं, उन्हें भी जांच करवानी चाहिए। जिन महिलाओं की गर्भाशय ग्रीवा को सर्जरी से हटाया गया था, उन्हें परीक्षण बंद कर देना चाहिए जब तक कि सर्जरी गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर या गंभीर प्रर्व-कैंसर के इलाज के लिए नहीं की गई थी। | | | **पैप जाँच**<br>पैप टेस्ट परीक्षण गर्भाशय ग्रीवा में कोशिका परिवर्तन या असामान्य कोशिकाओं की जाँच करता है।<br>**HPV जांच**<br>ह्यूमन पैपिलोमावायरस (HPV) टेस्ट वायरस की जांच करता है और पैप परीक्षण के समय ही किया जा सकता है।<br>**प्राथमिक HPV परीक्षण**<br>एक HPV परीक्षण जो स्वयं स्क्रीनिंग के लिए किया जाता है।<br>**सह-परीक्षण**<br>HPV परीक्षण और पैप परीक्षण के साथ जांच |
| | | **फेफड़े के कैंसर के लिए परीक्षण।**<br>यदि आप 50-80 वर्ष की उम्र के एक वर्तमान या पूर्व धूम्रपान करने वाले हैं और आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा है, तो कम-खुराक वाले सीटी स्कैन से आपको लाभ हो सकता है। | **फेफड़े के कैंसर के लिए परीक्षण**<br>जो लोग धूम्रपान करते हैं या धूम्रपान करते थे, उन्हें फेफड़ों के कैंसर का उच्च जोखिम होता है। फेफड़ों के कैंसर के अपने जोखिम के बारे में किसी स्वास्थ्य सेवा प्रदाता से बात करें और जांच करवाएं। |

**बीमा आम तौर पर रोकथाम और परीक्षण सेवाओं को कवर करता है। कृपया अपने विशिष्ट स्वास्थ्य देखभाल लाभों की पुष्टि करने के लिए जाँच करें।**

**यदि आपको किसी प्रकार का कैंसर है या यदि आपके माता, पिता, भाई, बहन या बच्चों को कैंसर था तो अपने डॉक्टर या नर्स को अवश्य बताएं।**

* यदि आप में जोखिम के कुछ विशेष कारक हैं, तो आपको कुछ कैंसरों के लिए जल्दी परीक्षण शुरू करने या अधिक बार परीक्षण करवाने की आवश्यकता हो सकती है। इसके बारे में अपने डॉक्टर से बात करें।

cancer.org | 1.800.227.2345

HINDI
©2018, अमेरिकन कैंसर सोसायटी, इंक. संख्या 080528 संशोधन 08/21